## आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 01.05.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने द्वीपवासियों से भगवान बुद्ध के सिद्धांतों को अपने दैनिक जीवन में शामिल करने की अपील की है।
2. अंडमान निकोबार प्रशासन कल और तीन मई को दो गिनीज वर्ल्ड रिकॉड्र्स खिताबों के लिए प्रयास करेगा।
3. दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त पूर्वा गर्ग ने स्वराजद्वीप में आयोजित बैठक में सार्वजनिक मुद्दों पर चर्चा की।
4. ई–डिस्ट्रिक्ट पोर्टल के सर्वर माइग्रेशन का कार्य किए जाने के चलते कल रात बारह बजे से चौबीस घंटे के लिए पोर्टल अनुपलब्ध रहेगा।

<><><><><><><>

आज बुद्ध पूर्णिमा है। आज के दिन भगवान गौतम बुद्ध का जन्म, ज्ञान की प्राप्ति और महापरिनिर्वाण हुआ था। उन्हें बिहार के बोधगया में महाबोधि वृक्ष के नीचे ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। इस अवसर पर, द्वीपों के उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बुद्ध पूर्णिमा का यह उत्सव गौतम बुद्ध के जीवन और उनकी शिक्षाओं पर चिंतन करने का एक अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि भगवान बुद्ध की शिक्षाएं हमें आंतरिक शांति विकसित करने, सहिष्णुता का अभ्यास करने और सहानुभूति एवं निस्वार्थता के मूल्यों को बनाए रखने के लिए प्रेरित करती हैं। उप–राज्यपाल ने द्वीपवासियों से इन शाश्वत सिद्धांतों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराने और उन्हें अपने दैनिक जीवन में शामिल करने की अपील की है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह को वैश्विक साहसिक पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करने के उद्देश्य से प्रशासन कल और तीन मई को दो गिनीज वर्ल्ड रिकॉड्र्स खिताबों के लिए प्रयास करेगा। इन आयोजनों का लक्ष्य द्वीपों की असाधारण समुद्री संपदा को उजागर करना और उन्हें एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय डाइविंग गंतव्य के

रूप में पेश करना है। इसके तहत कल राधानगर समुद्र तट पर "पानी के भीतर सबसे बड़ा ध्वज फहराने का प्रयास किया जाएगा और तीन मई को स्वराज द्वीप जेटी के लाइटहाउस के पास "पानी के भीतर सबसे ऊँचा ह्यूमन स्टैक बनाया जाएगा, जिसमें कम से कम बीस मीटर की ऊँचाई का लक्ष्य रखा गया है। इस अवसर पर उपराज्यपाल एडमिरल डी के जोशी उपस्थित रहेंगे।

<><><><><><><>

मई दिवस के अवसर पर, सांसद बिष्णु पद रे ने द्वीपसमूह के सभी श्रमिकों और कामगारों को अपनी शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि मई दिवस श्रमिक समुदाय के अथक प्रयासों, समर्पण और लचीलेपन के प्रति एक श्रद्धांजलि है, जिनका योगदान हमारे समाज और अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। निर्माण श्रमिकों और किसानों से लेकर सरकारी कर्मचारियों, मछुआरों और दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों तक, सभी श्रमिक हमारे द्वीपों की प्रगति और समृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने सभी श्रमिकों के लिए श्रम की गरिमा, उचित मजदूरी, सुरक्षित कामकाजी स्थिति और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने का अनुरोध किया। मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी के राज्य आयोजन समिति सचिव डी अय्यपन ने भी श्रमिकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दो हजार छब्बीस को शिकागो के श्रमिकों के उस ऐतिहासिक आंदोलन के एक सौ चालीस वर्ष पूरे हो रहे हैं। उन्होंने देश में एक न्यायपूर्ण सामाजिक परिवर्तन लाने का आहवान किया।

<><><><><><><>

महाराष्ट्र और गुजरात के स्थापना दिवस के अवसर पर, द्वीपों के उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने द्वीपों में रहने वाले दोनों राज्यों के निवासियों को शुभकामनाएं दी है। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि पहली मई, उन्नीस सौ साठ को इनके गठन की छियासठवीं वर्षगांठ मनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज की वीरता से प्रेरित अपनी शानदार विरासत के साथ, महाराष्ट्र आज औद्योगिक शक्ति, कलात्मक उत्कृष्टता और प्रगतिशील विचार के प्रतीक के रूप में खड़ा है और गुजरात, विकास और उद्यमिता के एक मॉडल के रूप में उभरा है। इस वर्ष का उत्सव एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना को और अधिक बल देता है, जो हमारे राष्ट्र की एकता और अखंडता को मजबूत करती है। यह सामाजिक न्याय, समानता और सतत विकास के आदर्शों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते है।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त पूर्वा गर्ग की अध्यक्षता में स्वराजद्वीप के महत्वपूर्ण मुद्दों पर बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में क्षेत्र के सहायक आयुक्त विकास कुमार और पंचायती राज संस्थान के सदस्य उपस्थित

रहे। बैठक में खराब नेटवर्क कनेक्टिविटी, जल संकट, पर्यटन और सौंदर्यीकरण तथा स्वास्थ्य और पशु चिकित्सा सेवा पर चर्चा की गई। जिला उपायुक्त ने उठाए गए मुद्दों को त्वरित और प्रभावी समाधान के लिए संबंधित विभागों के साथ साझा करने का आश्वासन दिया। उन्होंने अधिकारियों को पंचायती राज संस्था के प्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित कर जल्द से जल्द उचित कार्रवाई शुरू करने का निर्देश दिया।

<><><><><><><>

ई–डिस्ट्रिक्ट पोर्टल के सर्वर माइग्रेशन का कार्य कल रात बारह बजकर एक मिनट से तीन मई की रात ग्यारह बजकर उनसठ मिनट तक निर्धारित किया गया है। इस अवधि के दौरान ई–डिस्ट्रिक्ट पोर्टल अस्थायी रूप से अनुपलब्ध रहेगा। माइग्रेशन सफलतापूर्वक पूरा होने के बाद, पोर्टल को पुराने यूआरएल edistrict.andamannicobar.gov.in पर फिर से एक्सेस किया जा सकेगा।

<><><><><><><>

चेन्नई उड़ान सूचना क्षेत्र की ओर से निकोबार द्वीप समूह के लिए जारी किया गया नोटिस टू एयरमेन को वापस ले लिया गया है। अब निकोबार क्षेत्र में आज से अंतर–द्वीपीय हेलीकॉप्टर सेवाएं फिर से बहाल की जाएंगी।

<><><><><><><>

समाज कल्याण विभाग की ओर से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, टुशनाबाद में खाद्य, पोषण, स्वास्थ्य और वाश पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व समाज कल्याण विभाग की राज्य समन्वयक के. झांसी ने किया। इस अवसर पर सामुदायिक कल्याण के लिए उचित पोषण, स्वच्छता और सफाई प्रथाओं को बनाए रखने के महत्व पर प्रकाश डाला गया। सत्र के दौरान, डॉ. शरण्या ने इस पहल के बारे में जानकारी देते हुए ग्रामीणों के स्वास्थ्य स्तर को सुधारने में भूमिका पर जोर दिया। इसके अलावा, उन्होंने विशिष्ट दिव्यांगता पहचान कार्ड के बारे में भी जानकारी दी।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस के तत्वावधान में नेताजी सुभाष चंद्र बोस पुलिस प्रशिक्षण संस्थान की ओर से बच्चों के लिए पैंतालीस दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर चार मई से शुरू होगा और सभी कार्य दिवसों में सुबह नौ बजे से दोपहर बारह बजे तक संस्थान परिसर में संचालित किया जाएगा। इस ग्रीष्मकालीन शिविर का उद्देश्य छुट्टियों के दौरान बच्चों को एक रचनात्मक और आकर्षक मंच प्रदान करना है, साथ ही संगीत के माध्यम से उनकी रचनात्मक प्रतिभा को निखारना और सांस्कृतिक संवर्धन

को बढ़ावा देना है। प्रशिक्षण सत्र अंडमान निकोबार पुलिस कला मंच के सहयोग से संचालित किए जाएंगे। इच्छुक प्रतिभागी गूगल फॉर्म लिंक के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं।

**<><><><><><><>**

आगामी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के सिलसिले में स्वास्थ्य सेवा निदेशालय की आयुष शाखा और अंडमान निकोबार राज्य आयुष सोसायटी की ओर से निःशुल्क योग ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर कल से तीस मई तक सुबह दस बजे से ग्यारह बजे तक चलेगा। इसका उद्देश्य बच्चों की स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना और उनके शारीरिक एवं मानसिक कल्याण में सुधार करना है।

**<><><><><><><>**

उद्योग विभाग में कानूनी सलाहकार और एच आर के पदों पर भर्ती की जाएगी। इस सिलसिले में चयनित उम्मीदवारों का व्यक्तिगत साक्षात्कार चार मई को शाम पांच बजे निदेशालय में ली जाएगी। सभी उम्मीदवारों से अपने मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित रहने को कहा गया है ।

**<><><><><><><>**